१७

बिहार सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग
सकारण आदेश

ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल दरभंगा–01 के अधीन शीर्ष **MMGSY(SC)** योजनान्तर्गत Asgaon to Mandal Tola पथ निर्माण कार्य संवेदक शशि मोहन सिंह (निबंधन संख्या--2180265, PAN-AILPS4292F) At-S/O-Tarini Prasad Sinha, H.No-18, Balbhadrapur, Laheriasarai, Dist-Darbhanga, Bihar, Pin-846001 को आवंटित किया गया। एकरारनामा के अनुसार कार्य प्रारंभ की तिथि 26.10.2019 एवं कार्य समाप्ति की तिथि 25.10.2020 है।

एकरारित अवधि में उक्त पथ निर्माण कार्य एकरारनामा के अनुरूप पूर्ण नहीं किये जाने तथा कार्य पूर्ण करने हेतु कई बार निदेशित किये जाने के बावजूद कोई रूचि नहीं लिये जाने के कारण कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल दरभंगा–01 का सकारण आदेश ज्ञापांक 836 दिनांक 24.04.2023 द्वारा एकरारनामा विखंडित करते हुए संवेदक को कालीसूची में सम्मिलित किये जाने हेतु अनुशंसा की गई।

क्षेत्रीय अभियंताओं से प्राप्त अनुशंसा एवं जांच पत्र के आलोक में विभागीय पत्रांक 1899 दिनांक 20.05.2024 द्वारा स्पष्टीकरण पूछा गया।

उक्त के आलोक में संवेदक द्वारा समर्पित स्पष्टीकरण दिनांक 14.06.2024 में उल्लेख किया गया कि पथ का प्रारूप त्रुटिपूर्ण है। कम से कम दो तीन जगह जहां तालाब के पास कटाव है यदि तटबंध के साथ नहीं बनाया गया तो पथ टिक नहीं पायेगा। स्थल निरीक्षण कराकर पुनरीक्षित प्राक्कलन के आधार पर कार्य करने की इच्छा जतायी गई।

संवेदक के स्पष्टीकरण के आलोक में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल दरभंगा–01 के पत्रांक 520 अनु० दिनांक 17.03.2025 के माध्यम से प्राप्त प्रतिवेदन में उल्लेख किया गया कि मुख्य अभियंता–03 से पुनरीक्षित प्राक्कलन की तकनीकी स्वीकृति के संबंध में कोई सूचना प्राप्त नहीं होने के आलोक में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, दरभंगा–01 के पत्रांक 2427 दिनांक 23.11.2022 के माध्यम से संवेदक को निर्देश दिया गया कि पुनरीक्षित प्राक्कनल में शामिल अवयव को छोड़कर अन्य मदों का कार्य शीघ्र प्रारंभ करने तथा पत्र प्राप्ति के सात दिनों के अंदर कनीय अभियंता एवं सहायक अभियंता के माध्यम से प्रतिवेदन समर्पित करने हेतु निदेशित किया गया। कई बार स्मारित किये जाने के बावजूद संवेदक द्वारा कार्य नहीं किया गया।

उपर्युक्त वर्णित तथ्यों से स्पष्ट है कि संवेदक को उक्त पथ निर्माण कार्य करने में कोई रूचि नहीं है।

उपर्युक्त वर्णित तथ्यों के आलोक में संवेदक शशि मोहन सिंह (निबंधन संख्या–2180265, PAN-AILPS4292F) At-S/O-Tarini Prasad Sinha, H.No-18, Balbhadrapur, Laheriasarai, Dist-Darbhanga, Bihar, Pin-846001 को कार्य प्रमंडल, दरभंगा–01 के अधीन शीर्ष MMGSY(SC) योजनान्तर्गत Asgaon to Mandal Tola पथ निर्माण कार्य अपूर्ण रखने के कारण बिहार ठिकेदारी निबंधन नियमावली 2007 (ग्रामीण कार्य विभाग) के नियम 11(क)(vi) में विहित प्रावधान के आलोक में 03(तीन) वर्षों के लिए कालीकृत (Blacklist) किया जाता है।

(सुल्तान अहमद)
अभियंता प्रमुख

P.T.O.

ज्ञापांकः– 14 / अ0प्र0–14–62 / 2025 7835 / पटना, दिनांकः– 18.7.25

प्रतिलिपिः–अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, सचिव, पथ निर्माण विभाग /भवन निर्माण विभाग /जल संसाधन विभाग / लघु जल संसाधन विभाग / योजना एवं विकास विभाग / लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग / नगर विकास एवं आवास विभाग / उर्जा विभाग / कृषि विभाग / पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना / अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग / भवन निर्माण विभाग / जल संसाधन विभाग / लघु जल संसाधन विभाग / लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना / प्रबंध निदेशक, बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांकः– 14 / अ0प्र0–14–62 / 2025 7835 / पटना, दिनांकः– 18.7.25

प्रतिलिपिः–अपर मुख्य सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव / सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग / सभी अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग / सभी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग / सभी नोडल पदाधिकारी (मु0), ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांकः– 14 / अ0प्र0–14–62 / 2025 7835 / पटना, दिनांकः– 18.7.25

प्रतिलिपिः–आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अभियंता प्रमुख

निबंधित / ईमेल

ज्ञापांकः–14 / अ0प्र0–14–62 / 2025 7835 / पटना, दिनांकः– 18.7.25

प्रतिलिपिः– संवेदक शशि मोहन सिंह (निबंधन संख्या–2180265, PAN-AILPS4292F) At-S/O-Tarini Prasad Sinha, H.No-18, Balbhadrapur, Laheriasarai, Dist-Darbhanga, Bihar, Pin-846001, मो0 7488218139 को सूचनार्थ प्रेषित।

अभियंता प्रमुख